# संघ लोक सेवा आयोग
# मुख्य परीक्षा-2019
# (सामान्य अध्ययन-IV)
# मॉडल पेपर-1

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **खण्ड-अ/Section–A** **अधिकतम अंक : 250**

1. (a) किसी संगठन में नैतिकता के मानकों को प्रभावित करने वाले कारकों की संक्षिप्त चर्चा कीजिये।( 150 शब्द ) 10
   (b) आपके विचार से क्या अधिक महत्त्वपूर्ण है-देशभक्ति या मानवता? अपने उत्तर के पक्ष में वैध तर्क प्रस्तुत कीजिये। ( 150 शब्द ) 10
2. (a) संज्ञानात्मक असंगति से आप क्या समझते हैं? अपने जीवन के कुछ उदाहरणों को देते हुए इस तरह की असंगति के समाधान के उपायों को सुझाएं। ( 150 शब्द ) 10
   (b) 'शासन', 'सुशासन' एवं 'नैतिक शासन' शब्दों से आपका क्या अभिप्राय है? ( 150 शब्द ) 10
3. (a) लोकसेवकों के लिये अभिवृत्ति का क्या महत्त्व है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये। ( 150 शब्द ) 10
   (b) लोगों के अभिवृत्ति परिवर्तन में विज्ञापन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये। ( 150 शब्द ) 10
4. (a) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग के अनुसार लोकसेवकों हेतु आचार संहिता के साथ-साथ नैतिक संहिता भी अपनाई जानी चाहिये क्या नैतिक संहिता प्रशासनिक सुधार में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। ( 150 शब्द ) 10
   (b) भारत में सिविल सेवकों के लिये भावनात्मक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिये। ( 150 शब्द ) 10
5. (a) अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने दर्शाया है कि राजा संवैधानिक दास होता है। इस कथन के आलोक में कानून, नियम एवं विनियम का नैतिक निर्देश के स्रोत के रूप में क्या महत्त्व है? विवेचना कीजिये। ( 150 शब्द ) 10
   (b) हाल के समय में गर्भपात का मुद्दा एक नैतिक चिंता के रूप में उभरा है। इसके पक्ष-विपक्ष में तर्क देते हुए इससे संबंधित नैतिक चिंताओं को स्पष्ट कीजिये। ( 150 शब्द ) 10
6. वर्तमान संदर्भ में निम्नलिखित में से प्रत्येक उद्धरण का आपके विचार से क्या अभिप्राय है?
   (a) "क्रोधित कोई भी हो सकता है, यह आसान है। लेकिन उचित व्यक्ति से उचित सीमा तक, उचित समय पर, उचित उद्देश्य के लिये, उचित तरीके से क्रोध व्यक्त करना सरल नहीं है।" -अरस्तु ( 150 शब्द ) 10
   (b) "एक विनम्र तरीके से आप दुनिया को हिला सकते हैं।" -महात्मा गांधी ( 150 शब्द ) 10
   (c) "नैतिक निर्णय किसी बात की मंजूरी या अस्वीकृति विवरण से अधिक कुछ होता है।"-सी. एल. स्टीवेंसन ( 150 शब्द ) 10

**खण्ड-ब/Section–B**

7. अश्विनी शर्मा एक होनहार छात्र है जो आपके साथ राज्य के एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ता है। थोड़े ही समय में आपकी अश्विनी से काफी अच्छी मित्रता हो जाती है और आप उसकी बहन के विवाह में भाग लेने के लिये उसके गाँव जाते हैं। अश्विनी के पिता एक गरीब किसान हैं और जैसे-तैसे बड़ी मुश्किल से अपने बेटे को पढ़ा रहे हैं। विवाह समारोह में पहुँचकर कुछ लोगों से आपको पता चलता है कि वधू की आयु विवाह योग्य नहीं है। वस्तुत: अश्विनी के परिवार ने भविष्य में अत्यधिक दहेज की मांगों की संभावना से बचने के लिये अपनी बेटी का शीघ्र ही विवाह करा देना उचित समझा। यह एक बाल विवाह है और आप इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में बाल विवाह प्रतिबंधित है। जब आप इस मुद्दे पर अपने मित्र से बात करते हैं तो वह स्वयं को लाचार व विवश बताता हैं। वह कहता है कि परिवार की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण वह कुछ नहीं कर सकता है। यदि आप पुलिस में शिकायत करते हैं तो इससे न केवल पूरे परिवार की बदनामी होगी, बल्कि इससे पूरा परिवार आपराधिक प्रक्रिया के दायरे में आ जाएगा। आप भारी धर्मसंकट में हैं। ( 250 शब्द ) 20
   (a) इस पूरे प्रकरण को आप किस रूप में देखते हैं?
   (b) आपके पास कौन-कौन से विकल्प उपलब्ध हैं? प्रत्येक के गुण-दोषों का परीक्षण करें। साथ ही, यह भी बताएँ कि आप किस विकल्प का चयन करेंगे।

8. मुझे 40 वर्ष पहले 'क्लोज़्ड अडॉप्शन' (Closed Adoption) (इसमें बच्चे को जन्म देने वाले माता-पिता का उसे गोद लेने वाले माता-पिता से संपर्क नहीं होता है) तरीके से गोद लिया गया था। मैंने जन्म देने वाली अपनी माता से लगभग 15 वर्ष पहले संपर्क किया था जिसके साथ मेरा अच्छा संबंध है। मेरे जैविक पिता ने मुझसे मिलने से इनकार कर दिया (मेरे जैविक माता-पिता एक साथ नहीं रहते हैं)। उन्होंने यह कारण बताया कि वे यह नहीं चाहते कि उनकी पुत्री (छोटी) को यह पता चले कि वे एक अन्य बच्चे के पिता भी हैं। मैंने उनका निर्णय स्वीकार कर लिया।

अब मेरा भी एक बच्चा है। कई बार मेरे दिमाग में यह बात आती है कि मेरे जैविक पिता के लिये यह बात नैतिक रूप से सही नहीं हो सकती है कि वे मेरे अस्तित्व को मेरी सौतेली बहन से छिपाएँ और हमें तथा भावी पीढ़ियों को किसी संबंध से वंचित करें। और मेरे लिये भी यह बात नैतिक रूप से सही नहीं है कि मैं उनकी इच्छा के विरुद्ध उनसे संपर्क करूँ। मुझे लगता है कि मेरे जैविक पिता की मृत्यु हो जाने के बाद अपनी सौतेली बहन से संपर्क करना अच्छा नहीं होगा क्योंकि उस समय वे अपना पक्ष रखने के लिये मौजूद नहीं होंगे।

क्या मेरे लिये उससे संपर्क करना उचित होगा या अनुचित होगा अथवा न तो उचित होगा और न ही अनुचित होगा?

**( 250 शब्द ) 20**

**9.** कालेधन का संचय हमारी अर्थव्यवस्था के लिये एक गंभीर खतरा बन गया है। सामाजिक और नैतिक मूल्यों में गिरावट भ्रष्टाचार की जननी या स्रोत है। कालेधन की अर्थव्यवस्था की उत्पत्ति, उसका अस्तित्व तथा इसके बढ़ते हुए रूप आदि सहित कई कारण ज़िम्मेदार हैं। धन तथा शक्ति के आपस में मिलने से इसकी उत्पत्ति होती है। कालेधन के द्वारा किसी को भी खरीद लेना, अत्यंत आवश्यक वस्तुओं को छिपाकर इकट्ठा कर लेना, स्वस्थ प्रतियोगिता/प्रतिस्पर्द्धा को गायब कर देना, ईमानदार व्यक्तियों और जनता के सेवकों को धमका देना आदि कार्य किये जाते हैं।

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **( 250 शब्द ) 20**

(a) विकासशील देशों में कालेधन उत्पन्न करने के कौन-कौन से स्रोत हैं?

(b) कालेधन की समानांतर अर्थव्यवस्था की उत्पत्ति और फैलाव को रोकने के लिये कौन से उपाय सुझाए जा सकते हैं?

(c) कालाधन किस प्रकार महँगाई को बढ़ाने में भूमिका निभाता है? चर्चा कीजिये।

**10.** मेरे 12 वर्षीय पुत्र और मुझे एक टैक्सी की पिछली सीट पर एक सेलफोन पड़ा मिला। मैंने उसकी कॉन्टेक्ट लिस्ट में से एक व्यक्ति को फोन किया, उसने उस व्यक्ति को फोन किया जिसका सेलफोन था, उसके बाद सेलफोन के मालिक ने मुझे फोन किया। हमने उसे एक उचित स्थान पर बुलाकर उसका फोन वापस कर दिया। उसने बहुत प्रशंसा की और वह अपना आभार व्यक्त करने के लिये हमें 40 डॉलर देना चाहता था। मेरा पुत्र उन्हें लेने लगा। मैंने कहा, "धन्यवाद, नहीं, हमने कोई इनाम पाने के लिये ऐसा नहीं किया है।" मैंने अपने पुत्र को ईमानदारी के बारे में बताने की कोशिश की, हालाँकि उसे समझाना बहुत कठिन था। उसे एक अच्छा कार्य करने के लिये धन लेने में कुछ गलत नहीं लग रहा था।

मेरे कुछ मित्रों ने भी यह कहा कि मुझे "इनाम" ले लेना चाहिये था। इस बारे में आपके क्या विचार हैं?

**( 250 शब्द ) 20**

**11.** आप नगरपालिका परिषद के निर्माण विभाग में अधिशासी अभियंता पद पर तैनात हैं और वर्तमान में एक ऊपरगामी पुल (Flyover) के निर्माण-कार्य के प्रभारी हैं। आपके अधीन दो कनिष्ठ अभियंता हैं, जो प्रतिदिन निर्माण-स्थल के निरीक्षण के लिये उत्तरदायी हैं तथा आपको विवरण देते हैं और आप विभाग के अध्यक्ष, मुख्य अभियंता को रिपोर्ट देते हैं। निर्माण-कार्य पूर्ण होने को है और कनिष्ठ अभियंता नियमित रूप से यह सूचित करते रहे हैं कि निर्माण-कार्य परिकल्पना के विनिर्देशों के अनुरूप हो रहा है। लेकिन आपने अपने आकस्मिक निरीक्षण में कुछ गंभीर विषमताएँ व कमियाँ पाईं, जो आपके विवेकानुसार पुल की सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं। इस स्तर पर इन कमियों को दूर करने में काफी निर्माण-कार्य को गिराना और दोबारा बनाना होगा जिससे ठेकेदार को निश्चित हानि होगी और कार्य-समाप्ति में विलंब भी होगा। क्षेत्र में भारी ट्रैफिक जैम के कारण परिषद पर निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिये जनता का बड़ा दबाव है। जब आप स्थिति को मुख्य अभियंता के संज्ञान में लाते हैं, तो उन्होंने अपने विवेकानुसार इसको बड़ा गंभीर दोष न मानकर इसे उपेक्षित करने की सलाह दी। उन्होंने परियोजना को समय से पूरा करने हेतु कार्य को आगे बढ़ाने के लिये कहा। परंतु आप आश्वस्त हैं कि यह गंभीर प्रकरण है जिससे जनता की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है और इसको बिना ठीक कराए नहीं छोड़ा जा सकता।

ऐसी स्थिति में आपके लिये कुछ विकल्प नीचे दिये गए हैं। इनमें से प्रत्येक विकल्प का गुण-दोष के आधार पर मूल्यांकन कर अंततः सुझाव दीजिये कि आप क्या कार्यवाही करना चाहेंगे और क्यों? **( 250 शब्द ) 20**

(a) मुख्य अभियंता की सलाह मानकर आगे बढ़ जाएँ।

(b) सभी तथ्यों व विश्लेषण को दिखाते हुए स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए मुख्य अभियंता से लिखित आदेश का निवेदन करें।

(c) कनिष्ठ अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगें और ठेकेदार को निश्चित अवधि में दोष-निवारण के लिये आदेश दें।

(d) इस विषय को बलपूर्वक उठाएँ ताकि यह मुख्य अभियंता के वरिष्ठ जनों तक पहुँच सके।

(e) मुख्य अभियंता के अनम्य विचार को ध्यान में रखते हुए परियोजना से अपने स्थानांतरण के लिये आवेदन करें या बीमारी की छुट्टी पर चले जाएँ।

**12.** एक पुरानी कर्मचारी जिसको उसके बुरे, गुणात्मक काम, अनुपस्थिति और शराब पीने की वजह से होने वाली देरी के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था, ने आपको सूचित किया कि उसने अन्य किसी कंपनी में एक पद के लिये आवेदन किया है, और पहले से ही आपका नाम संदर्भ रूप में दे दिया है। उसे काम की अत्यधिक आवश्यकता है। वह तीन बच्चों की अकेली अभिभावक है। वह आपसे अच्छी सिफारिश के लिये कहती है कि उसके शराब पीने की समस्या को इसमें सम्मिलित न किया जाए जिसे उसने आश्वस्त किया है कि उसने इस समस्या पर अब नियंत्रण पा लिया है।

उसने आपसे यह भी कहने को कहा है कि उसने पारिवारिक चिकित्सा संकट की वजह से कंपनी को स्वेच्छा से छोड़ा है और कंपनी उसके काम से बहुत खुश थी। आप उस व्यक्ति को पसंद करते हैं और विश्वास है कि वह एक अच्छी कर्मचारी है, अगर वह शराब नहीं पीती है। आपको शक है कि वास्तव में उसने अपनी शराब पीने की समस्या से निजात पा ली है, और इसी वजह से आप अपनी कंपनी को उसे वापस काम पर लेने की सिफारिश नहीं करेंगे।

उक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **(250 शब्द) 20**

(a) आप उस महिला को क्या कहेंगे?

(b) आप उस नियोक्ता को क्या कहेंगे, जो आपके संदर्भ के लिये आपको कॉल करेगा?

(c) मान लीजिये आपका नाम भावी नियोक्ता को प्रस्तावित करने के पहले उसने आपसे संदर्भ के लिये पूछा हो?

(d) कौन-से मूल्य दाँव पर लगे हैं?

(e) क्या कुछ मूल्य एक-दूसरे से संघर्षरत हैं?